ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर, गुरूवार 10 जुलाई 2025

वर्ष 2 अंक 96

दिल्ली में तेज बारिश, 6 फ्लाइट डायवर्ट:गुरुग्राम में 90 मिनट में 103mm बारिश; MP-हरियाणा में नदी में डूबने से 6 बच्चों की मौत



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली-NCR में आज तेज बारिश का रेड अलर्ट है। बुधवार को खराब मौसम के कारण 6 फ्लाइट को डायवर्ट किया गया। 4 फ्लाइट जयपुर भेजी गईं और 2 फ्लाइट लखनऊ डायवर्ट की गईं। कुछ उड़ानों में देरी भी हुई।

तेज बारिश के कारण दिल्ली की कई सड़कों पर पानी भर गया और घंटों तक ट्रैफिक जाम रहा। गुरुग्राम की सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए। गाड़ियां पानी में तैरती दिखीं। सड़कों पर चल रहे लोगों की कमर के ऊपर तक पानी पहुंच गया।

गुरुग्राम में बुधवार शाम 90 मिनट में 103 mm बारिश हुई। बीते 12 घंटे में 133 mm बारिश दर्ज की गई है। गुरुग्राम जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर सभी कॉर्पोरेट ऑफिस और प्राइवेट इंस्टीट्यूट से अपने कर्मचारियों को वर्क फॉर्म होम देने की सलाह दी है।

इधर MP के जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं। बुधवार को नरसिंहपुर में नदी में बहने से 3 बच्चों की मौत हो गई। वहीं हरियाणा के कैथल में तालाब में नहाने गए 3 बच्चों की डूबने से जान चली गई।

महाराष्ट्र के नागपुर में तेज बारिश के कारण 71 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। बोरगांव में 35 साल का युवक उफनते नाले में बह गया। उप्पलवाड़ी में भी 18 साल के लड़के की मौत हुई। नागपुर जिले के सभी स्कूल 9 जुलाई तक बंद हैं।

मौसम विभाग ने आज 44 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान बिजली गिरने की भी संभावना जताई है। राज्य के मेरठ के मोहम्मदपुर भूनी गांव में जलभराव से परेशान लोग पानी में उतर गए। उन्होंने मुनादी कराकर विरोध जताया। इस दौरान ढोल भी बजाया।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने डेली बुलेटिन में भारत भर में 21 नदी निगरानी स्थलों पर बाढ़ की चिंता जताई है, जिनमें से 4 गंभीर बाढ़ की स्थिति में हैं।

हालांकि अभी तक किसी भी नदी ने अपने हाइएस्ट फ्लड लेवल (एचएफएल) को नहीं तोड़ा है, फिर भी असम और बिहार में चार स्थानों पर पानी खतरे के निशान को पार कर गया है।

असम के गोलाघाट में धनसिरी नदी और बिहार में बागमती और गंडक नदियां उन प्रमुख नदियों में शामिल हैं जहां बाढ़ का पानी या तो बढ़ रहा है या स्थिर है।

उदयपुर सर्राफा बाजार में बीते तीन दिनों के भीतर चांदी और सोने के भावों में हल्की



24 न्यूज अपडेट

उतार-चढ़ाव की स्थिति देखने को मिली। 8 जुलाई को जहां भावों में मजबूती रही, वहीं 9 जुलाई को गिरावट दर्ज की गई। हालांकि 10 जुलाई को बाजार फिर संभला और कीमतों में फिर से बढ़त देखने को मिली। 8 जुलाई को चांदी टंच प्रति किलो 1,07,000 रुपए और सोना स्टैंडर्ड (999) 98,000 रुपए पर था, जबकि 9 जुलाई को चांदी टंच 300 रुपए घटकर 1,06,700 रुपए और सोना स्टैंडर्ड 200 रुपए गिरकर 97,800 रुपए रह गया। 10 जुलाई को पुनः सुधार देखा गया और चांदी टंच 1,07,250 रुपए तथा सोना स्टैंडर्ड फिर 98,000 रुपए पर पहुंच गया। इसी तरह सोना जेवराती (23 कैरेट) 8 जुलाई को 94,080 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 9 जुलाई को घटकर 93,890 रुपए रह गया, लेकिन 10 जुलाई को फिर 94,080 रुपए पर लौट आया। 22 कैरेट सोना भी 8 जुलाई को 90,160 रुपए, 9 जुलाई को गिरकर 89,975 रुपए, और 10 जुलाई को फिर से 90,160 रुपए रहा। चांदी चौरसा में भी हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिला — 8 जुलाईः 1,06,200 रुपए, 9 जुलाईः 1,06,000 रुपए, 10 जुलाईः 1,06,500 रुपए प्रति किलो (GST सहित)। इस प्रकार सर्राफा बाजार में 9 जुलाई को हल्की गिरावट के बाद 10 जुलाई को फिर से पहले जैसे भाव लौटते दिखे। जानकारों के अनुसार यह उतार-चढ़ाव अंतरराष्ट्रीय बाजार के रुख और निवेशकों की धारणा पर निर्भर है।

पीरियड्स की जांच के लिए कपड़े उतरवाए महाराष्ट्र के स्कूल में 5वीं से 10वीं तक की बच्चियों के साथ हरकत, प्रिंसिपल हिरासत में



24 न्यूज अपडेट

महाराष्ट्र के ठाणे के एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 5 से 10 तक की बच्चियों के कपड़े उतरवाकर चेकिंग की गई।

बच्चियों ने अपने पेरेंट्स को बताया कि स्कूल के टॉयलेट में खून के धब्बे मिले थे। जिसके बाद सभी लड़कियों को कन्वेंशन हॉल में बुलाया गया और प्रोजेक्टर पर इसकी तस्वीरें दिखाई गईं।

इसके बाद लड़कियों से पूछा गया कि किस-किस को अभी पीरियड्स हो रहे हैं। जिन लड़कियों ने हां में जवाब दिया, उनकी उंगलियों के निशान लिए गए।

जिन लड़कियों ने न में जवाब दिया, उन्हें बारी-बारी से टॉयलेट में ले जाकर एक एक के कपड़े उतरवाकर प्राइवेट पार्ट्स की जांच की गई।

पेरेंट्स ने स्कूल में हंगामा किया

जब बच्चियों ने ये बात घर जाकर पेरेंट्स को बताई तो पेरेंट्स स्कूल के बाहर जमा हो गए और हंगामा किया। वे प्रिंसिपल की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल को हिरासत में ले लिया है और शहापुर पुलिस स्टेशन ले गई है।

स्कूल की तरफ से वकील अभय पितळे स्कूल पहुंचे थे, लेकिन अभिभावकों ने उन्हें स्कूल से बाहर निकाल दिया। अभिभावकों ने वकील को घेर लिया और उनकी पिटाई करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सतर्कता से वे बच गए।

पुलिस ने प्रिंसिपल को हिरासत में लेकर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस आगे की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

पीरियड्स के बाद स्कूल छोड़ देती हैं लड़कियां- UNICEF

2019 के UNICEF के सर्वे में पाया गया कि देश में हर साल 2.3 करोड़ लड़कियां पीरियड्स शुरू होते ही स्कूल छोड़ देती हैं। यही वजह है कि हर साल 10 करोड़ लड़कियों की शादी कच्ची उम्र में कर दी जाती है। जबकि इस उम्र में करीब 54 प्रतिशत लड़कियां एनीमिक होती हैं। इनमें छोटे शहरों और गांवों में रहने वाली लड़कियों की संख्या ज्यादा है।

कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग हमलावर ने 9 गोलियां चलाईं, 3 दिन पहले उद्घाटन हुआ था



24 न्यूज अपडेट

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर बुधवार रात फायरिंग हुई। कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले, 7 जुलाई को कप्स कैफे नाम के इस कैफे का उद्घाटन किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की।

NDTV की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकवादी हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हरजीत सिंह नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) की लिस्ट में मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल है और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है।

हमलावर ने फायरिंग का वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें कैफे के बाहर एक कार में बैठा व्यक्ति गाड़ी के अंदर से लगातार फायरिंग करते दिख रहा है। हालांकि, अभी तक घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

गोलीबारी के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि हरजीत सिंह लाडी ने कपिल शर्मा के एक पुराने बयान से नाराज होकर उनके कैफे पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया।

NIA विश्व हिंदू परिषद (विहिप) नेता विकास प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की हत्या के मामले में हरजीत सिंह लाडी की तलाश कर रही है। विहिप नेता की अप्रैल 2024 में पंजाब के रूपनगर जिले में उनकी दुकान पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

राजस्थान में 10वीं पास युवाओं के लिए निकली भर्ती:11 जुलाई से 9 अगस्त तक कर सकेंगे अप्लाई



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) में प्रयोगशाला परिचायक (लैब अटेंडेंट) के 54 पदों पर वैकेंसी निकली है। इनमें 48 पद गैर अनुसूचित क्षेत्र और 6 पद अनुसूचित क्षेत्र के शामिल है। इसके लिए 18 से 40 साल तक की उम्र के उम्मीदवार 11 जुलाई से 9 अगस्त तक राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकेंगे।

राजस्थान प्रयोगशाला परिचायक भर्ती 2025 के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास रखी गई है। इसके साथ उम्मीदवारों को हिंदी और राजस्थान की संस्कृति का बुनियादी ज्ञान होना जरूरी है।

सिलेक्शन प्रोसेस-प्रयोगशाला परिचायक के पद पर अभ्यर्थियों का सिलेक्शन रिटन एग्जाम और इंटरव्यू के जरिए किया जाएगा। परीक्षा इसी साल आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसके बाद मेरिट के आधार पर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद अभ्यर्थियों को सिलेक्ट किया जाएगा।

आयु सीमा-प्रयोगशाला परिचायक भर्ती प्रक्रिया में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी को 40 साल से ज्यादा का होने पर भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की छूट दी जाएगी।

मैट्रिक्स लेवल 1 के आधार पर सैलरी दी जाएगी

भर्ती परीक्षा में सिलेक्ट होने के बाद उम्मीदवार को पे मैट्रिक्स लेवल - 1 के आधार पर सैलरी दी जाएगी। हालांकि इससे पहले राजस्थान सरकार के नियम अनुसार 2 साल बतौर प्रोबेशनल उन्हें काम करना होगा।

सेंसेक्स 346 अंक गिरकर 83,190 पर बंद:निफ्टी 121 अंक नीचे 25,355 पर आया; बैंकिंग, IT और FMCG में ज्यादा बिकवाली



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार (10 जुलाई) को सेंसेक्स 346 अंक गिरकर 83,190 के स्तर पर बंद हुआ । वहीं निफ्टी में 121 अंक की गिरावट रही, ये 25,355 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में 22 शेयरों में गिरावट और 8 में तेजी रही। BEL, एयरटेल और एशियन पेंट्स के शेयरों में 2.6% की गिरावट रही। मारुति, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर्स 1.3% चढ़कर बंद हुए।

निफ्टी के 50 शेयर्स में से 38 नीचे जबकि 12 चढ़कर बंद हुए। NSE के बैंकिंग, IT, FMCG और हेल्थकेयर सेक्टर में 1% तक की गिरावट रही। मेटल, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयर्स ऊपर बंद हुए।

साढ़े चार क्विंटल डोडाचूरा से भरी इनोवा जब्त



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, निम्बाहेड़ा (कविता पारख)। सीआईडी सीबी जयपुर की सूचना पर जिले की कोतवाली निम्बाहेड़ा व सदर निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक इनोवा कार में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 449 किलो 900 ग्राम अफीम डोडाचूरा जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ हेतु समस्त थानाधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए। एएसपी सरिता सिंह के मार्गदर्शन व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव एवं रामसुमेर पु.नि. थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा के निर्देशन मे कोतवाली निम्बाहेड़ा के कन्हैया लाल उप निरीक्षक व पुलिस जाप्ता कानि. शीशपाल, रणजीत, जगदीश, खुबीराम, विरेन्द्र व सरियाराम की टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में सीआईडी सीबी जयपुर के एडीजी दिनेश एम एन की टीम की सूचना पर गुरुवार को सदर निम्बाहेड़ा के एएसआई सुन्दरपाल व जाप्ता कानि. अमीत, दयाराम, व जगदीश द्वारा रानी खेडा चौराया पर नाकाबन्दी की जा रही थी। नाकाबन्दी के दौरान नीमच की तरफ से एक ईनोवा कार आई जिसको रूकवाने का प्रयास किया तो ईनोवा कार के चालक द्वारा कार को वापस घुमा कर भगाने का प्रयास किया तो कानि. जगदीश द्वारा स्टोप स्टीक लगाई जिससे खलासी साईड पीछे का पहिया पंचर हो गया। उसके बाद भी उक्त कार का चालक कार को वापस घुमा कर नीमच की तरफ कार को भगाई, जिसका पुलिस जाप्ता द्वारा पीछा किया तो उक्त कार का चालक कार को मडडा चोराया से सर्विस रोड पर छोडकर भाग गया। कार चालक की तलाश की गई तो अंधेरा होने से फरार हो गया। जिसकी आस पडोस में काफी तलाश की मगर चालक नही मिला। एएसआई सुन्दरपाल ने थाना कोतवाली निम्बाहेडा पर सुचना दी, जिस पर कन्हैया लाल उ.नि. व जाप्ता द्वारा मोके पर पहुच नियमानुसार ईनोवा कार की तलाशी ली, जिसमें 449 किलो 900 ग्राम अवैध अफीम डोडा चुरा मिला जिसे जब्त किया जाकर कार को जब्त किया गया।

अमरनाथ यात्रा- 7वें दिन 16,720 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए:अब तक 1.28 लाख तीर्थयात्री आ चुके; 9 अगस्त तक चलेगी यात्रा



24 न्यूज अपडेट

अमरनाथ यात्रा के सातवें दिन 18,633 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। यात्रा के शुरुआती हफ्ते में 1.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। यह 9 अगस्त तक चलेगी।

यात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,348 , शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 तीर्थयात्री, सोमवार को 23,857 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे। अब तक चार लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

LIC में हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में सरकार:6.50% स्टेक कम का सकती है, 2022 में IPO के जरिए 3.5% शेयर बेचे थे

24 न्यूज अपडेट

सरकार ने देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (LIC) में अपनी हिस्सेदारी बेचने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सरकार ने LIC में ऑफर-फॉर-सेल (OFS) को मंजूरी दे दी है, जिसे जल्द ही बाजार में लाया जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार के अनुसार सरकार LIC की 6.5% हिस्सेदारी बेच सकती है। ऑफर फॉर सेल (OFS) यानी कंपनी के मौजूदा शेयरधारक (जैसे कि प्रमोटर, निवेशक या अन्य बड़े शेयरधारक) अपने पास मौजूद कंपनी के शेयरों को बेचने के लिए जनता को पेश करेंगे। इसका मतलब यह है कि कंपनी पैसा जुटाने के लिए नए शेयर जारी नहीं कर रही, बल्कि पहले से मौजूद शेयर बेचे जा रहे हैं।

LIC की बाजार में 96.5% हिस्सेदारी

LIC में सरकार की 96.5% हिस्सेदारी है। 2022 में 3.5% हिस्सा बेचा गया था। अब सरकार 2-3% और हिस्सा बेचने की योजना बना रही है, जिससे करीब 9,500 से 14,500 करोड़ रुपए जुटाए जा सकते हैं। यह कदम 2025-26 में सरकारी कंपनियों के शेयर बेचकर पैसा जुटाने की योजना का हिस्सा है।

संपादकीय : नापाक मंसूबे

आतंकवादी पिछले कुछ वर्षों से अपनी नापाक साजिशों को अंजाम देने के लिए पारंपरिक तरीके के बजाय आधुनिक तकनीक का सहारा लेने लगे हैं। खासकर इंटरनेट के जरिए विभिन्न तरह की मदद हासिल करना उनके लिए आसान और सुलभ तरीका बन गया है। वैश्विक आतंकवाद वित्तपोषण निगरानी संस्था एफएटीएफ ने भी चौंकाने वाला खुलासा किया है कि आतंकी धन जुटाने और हिंसक वारदातों के लिए आनलाइन सेवाओं का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग कर रहे हैं। फरवरी 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल विस्फोटक पदार्थ का एक हिस्सा आनलाइन कारोबारी मंच से खरीदा गया था। यही नहीं, आतंकी बम बनाने की विधि भी इंटरनेट से सीख रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। हाल के वर्षों में हुए कई आतंकी हमलों की जांच में इसके प्रमाण मिले हैं। इससे साफ है कि आनलाइन सेवाओं का दुरुपयोग किस कदर खतरनाक रूप ले चुका है। एफएटीएफ की रपट में कहा गया है कि आतंकवादी अपने हिंसक अभियानों के लिए उपकरण, हथियार, रसायन और यहां तक की 'थ्री डी प्रिंटिंग' सामग्री की खरीदारी भी आनलाइन सेवाओं के जरिए कर रहे हैं। यह बात सही है कि आनलाइन खरीदारी की व्यवस्था से लोगों को काफी सहूलियत हुई है, लेकिन इस सुविधा का उपयोग खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए न हो, इस पर कड़ी नजर रखना जरूरी है। निगरानी तंत्र के अभाव में आतंकवादियों और उनके सहयोगियों द्वारा आनलाइन सेवाओं का इस्तेमाल हिंसक अभियानों के वित्तपोषण के लिए करने की संभावनाओं से भी अब इनकार नहीं किया जा सकता है। इंटरनेट पर विस्फोटक पदार्थ तैयार करने की तकनीक से जुड़ी सामग्री का होना भी चिंता का विषय है। सरकार और संबंधित प्राधिकारियों को इस दिशा में ठोस कदम उठाना होगा। साथ ही आनलाइन सेवा प्रदाता मंचों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे इस तरह की सामग्री की नियमित निगरानी करें, ताकि इसके दुरुपयोग पर रोक सुनिश्चित हो सके। एफएटीएफ का यह खुलासा भी अहम है कि आतंकवादी संगठनों को कुछ देशों की सरकारों से वित्तीय और अन्य मदद मिल रही है, जिनमें साजो-सामान और सामग्री संबंधी सहायता एवं प्रशिक्षण भी शामिल है। भारत समेत कई देश आतंकवाद के खात्मे के लिए एकजुट प्रयासों पर बल दे रहे हैं, लेकिन कुछ चुनिंदा देशों द्वारा आतंकियों के वित्तपोषण से इस पर पलीता लग रहा है। इससे पहले जून में वैश्विक निगरानी संस्था ने अपनी रपट में कहा था कि पहलगाम आतंकी हमला किसी वित्तीय मदद के बिना संभव नहीं था । इससे आतंकवाद का समर्थन करने की पाकिस्तान की नापाक नीति फिर से जगजाहिर हो गई है। यह बात छिपी नहीं है कि पाकिस्तान आतंकियों का पालन-पोषण कर उन्हें हथियार की तरह इस्तेमाल करता है। हालांकि, पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को आतंकवाद पीड़ित देश बता कर इससे इनकार करता रहा है, लेकिन भारत ने कई बार सबूतों के साथ वैश्विक समुदाय के समक्ष यह बात साबित की है कि सीमा पार से होने वाले आतंकी हमलों की साजिश पाकिस्तान में रची जाती है। इसी आधार पर भारत ने पाकिस्तान को फिर से एफएटीएफ की 'ग्रे' सूची में शामिल करने की वकालत की है।

चुनावी दांव

बिहार में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 फीसद आरक्षण देने का निर्णय महत्त्वपूर्ण कदम था। मगर अब इस प्रावधान को राज्य की मूल निवासियों तक ही सीमित कर देने का फैसला किया गया है। राज्य के स्थायी नागरिकों के हितों के मद्देनजर यह निस्संदेह बड़ी पहल है। खासतौर से तब जबकि कुछ महीने बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं। कहा जा सकता है कि राज्य सरकार के अगुआ ने नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण की नई व्यवस्था के जरिए राजनीतिक संदेश दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले भी साइकिल बांटने से लेकर नौकरियां देने तक में महिला वोट बैंक का विशेष ध्यान रखते रहे हैं । शराबबंदी का फैसला भी उनकी दूरदर्शी नीति का ही हिस्सा था। इससे महिलाओं के बीच उनकी सियासी जमीन मजबूत हुई। हालांकि, अब महिला आरक्षण को एक दायरे में सीमित करने का उनका दांव कितना कारगर होगा, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। सवाल है कि नीतीश कुमार की इस पहल से क्या राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के सत्ता में आने के दावे की धार कमजोर होगी ? गौरतलब है कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भी कहा है कि उनकी सरकार बनी, तो वे अधिवास नीति लागू करेंगे । दरअसल, बिहार में अधिवास नीति लागू करने की मांग जोर पकड़ रही है। कुछ दिनों पहले युवाओं ने भी सड़क पर उतर कर यह मांग उठाई थी। वहीं सरकार की इस बात के लिए भी आलोचना हो रही थी कि उसने शिक्षकों की भर्ती के दौरान अधिवास नीति लागू नहीं की, जिस कारण अन्य राज्यों से आए उम्मीदवारों को फायदा मिला। माना जा रहा है कि इस आलोचना की काट के लिए महिला आरक्षण पर नया दांव खेला गया। हालांकि सरकार के ताजा निर्णय से राज्य से बाहर की महिलाओं को नौकरियों में आरक्षण नहीं मिल पाएगा। मगर जब राजनीति में नफा-नुकसान की बात आती है, तो वाजिब तर्क को भी नजरअंदाज कर दिया जाता है। अगर सभी राज्य ऐसा करेंगे, तो योग्य अभ्यर्थियों के लिए अवसर कम होते जाएंगे।

यूआईटी भूखण्ड का फर्जी पट्टा बनाकर एग्रीमेंट करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 32.51 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला, धानमण्डी थाना पुलिस की कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 10 जुलाई। यूआईटी की संपत्ति पर फर्जी पट्टा तैयार कर 32 लाख 51 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को धानमण्डी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में गिरफ्तारी थाना प्रभारी गजवीरसिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण 24 अक्टूबर 2023 को उस समय दर्ज हुआ जब प्रार्थी विजय साहू निवासी तेल बाजार, धानमण्डी ने थाने में रिपोर्ट दी कि उनके साढ़ू अमित साहू ने उन्हें अपने पार्टनर अशोक राव से मिलवाया। अशोक राव ने राजस्व ग्राम सवीनाखेड़ा, तहसील गिर्वा स्थित एक भूखण्ड को अपना बताया और दावा किया कि यह भूखण्ड ग्राम पंचायत तितरड़ी से 1985 में आबादी पट्टे के रूप में प्राप्त हुआ है। भूखण्ड का स्वामित्व शांता नामक महिला से गिरधारी गुर्जर, फिर अशोक राव तक पहुँचने का झूठा क्रम बताया गया। अमित साहू के विश्वास दिलाने पर प्रार्थी ने अशोक राव के साथ एग्रीमेंट कर 32.51 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। बाद में जब रजिस्ट्री की तैयारी चल रही थी, तभी प्रार्थी को अखबार में प्रकाशित खबर से यह ज्ञात हुआ कि जिस भूखण्ड का सौदा हुआ है, उस पर यूआईटी की बाउंड्रीवॉल बन चुकी है और 'यह संपत्ति यूआईटी की है' लिखा जा चुका है। यह जानने के बाद प्रार्थी ने भूखण्ड या राशि लौटाने की मांग की, लेकिन दोनों आरोपी टालमटोल करते रहे। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने यूआईटी की भूमि पर फर्जी पट्टा तैयार कर, बिना स्वामी से विधिक दस्तावेज के, एग्रीमेंट करवाया और भारी धनराशि ऐंठ ली। इस पर प्रकरण संख्या 127/2023 धारा 420 व 406 आईपीसी के तहत दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन, एएसपी उमेश ओझा और वृत्ताधिकारी कैलाशचंद खटीक के सुपरविजन में थानाधिकारी गजवीरसिंह और उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अमित साहू पुत्र अम्बालाल साहू (उम्र 42 वर्ष), निवासी ज्योति नगर, शोभागपुरा, सुखेर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। प्रकरण में आगे की जांच जारी है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी गजवीरसिंह के साथ एएसआई बिहारीलाल, कांस्टेबल कैलाश सैन, सचिन व अनिल शामिल रहे।

सफलता की कहानी : "मिट्टी की पहचान से बदली तक़दीर – जैविक खेती की ओर अग्रसर हुए छोगा लाल"



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़ 10 जुलाई। सरकार की योजनाएं जब आमजन तक सही रूप में पहुँचती हैं, तब उसका असर केवल कागज़ों में नहीं, ज़मीनी हकीकत में भी दिखाई देता है। कुछ ऐसा ही उदाहरण पेश किया है ग्राम नान्दोली के कृषक छोगा लाल पिता हजारीलाल जाट ने, जिन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025 के तहत आयोजित शिविर से लाभ उठाकर अपने खेती के तरीके में एक बड़ा बदलाव लाया।

मिट्टी का नमूना बना उम्मीद की नींव

23 जून को कृषि विभाग द्वारा छोगा लाल के खेत से मिट्टी का नमूना लिया गया। आमतौर पर गांवों में मिट्टी की गुणवत्ता की जानकारी के बिना ही खाद-उर्वरकों का प्रयोग होता है, जो लंबे समय में जमीन की उर्वरता को नुकसान पहुंचाता है और किसानों की लागत भी बढ़ाता है। लेकिन इस बार प्रशासन ने पहल करते हुए मिट्टी जांच को किसानों के बीच पहुँचाने का संकल्प लिया। शिविर में मिला मृदा स्वास्थ्य कार्ड – खेती को मिला नया दिशा बड़ीसादड़ी पंचायत समिति की कचूमरा ग्राम पंचायत में बुधवार 9 जुलाई को आयोजित शिविर में छोगा लाल को कृषि विभाग द्वारा "मृदा स्वास्थ्य कार्ड" प्रदान किया गया। इस कार्ड में उनकी भूमि की पोषक संरचना, pH स्तर, जैविक कार्बन की मात्रा, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश इत्यादि की स्थिति दर्शाई गई थी। इसके साथ ही, उनकी ज़मीन के अनुसार संतुलित खाद और उर्वरकों के उपयोग की विस्तृत सिफारिशें भी दी गईं।

शिविर प्रभारी बड़ी सादड़ी उपखण्ड अधिकारी प्रवीण मीणा के निर्देशन में कृषि अधिकारियों द्वारा छोगा लाल को समझाया गया कि यदि वे मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिशों का पालन करते हैं, तो उन्हें कम लागत में बेहतर उत्पादन मिल सकता है। उन्हें रासायनिक खादों की जगह जैविक खाद जैसे कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट और गोबर खाद के उपयोग की सलाह दी गई।

जैविक खेती की ओर पहला कदम

छोगा लाल ने इस सलाह को गंभीरता से लिया और अपनी खेती में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग घटाकर जैविक खाद का प्रयोग शुरू किया। इससे उनकी जमीन की उर्वरता में सुधार आया और फसलों की गुणवत्ता भी पहले से बेहतर होने लगी। परिवार में पहले जो स्वास्थ्य समस्याएं रसायनों के कारण उत्पन्न होती थीं, उनमें भी धीरे-धीरे सुधार देखने को मिला।

सरकार और प्रशासन के प्रति आभार

छोगा लाल ने शिविर में अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा, "पहले हम अंदाजे से खाद डालते थे, जिससे कई बार नुकसान होता था। अब मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने हमें बताया कि हमारी जमीन को क्या चाहिए और कितना चाहिए। इससे मेरी खेती की लागत घटी है और फसल की सेहत सुधरी है। मैं राज्य सरकार और उपखण्ड प्रशासन का दिल से धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने समय पर सही मार्गदर्शन दिया।

इस दौरान विकास अधिकारी लक्ष्मण लाल मीणा, तहसीलदार पंकज कुमार सहित राजस्व, कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस अब मुंगावली स्टेशन पर भी रुकेगी, रेलवे ने बढ़ाई कई ट्रेनों के प्रयोगिक ठहराव की अवधि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण रेलसेवाओं के प्रयोगिक ठहराव की अवधि में विस्तार किया गया है। इस निर्णय से विभिन्न मार्गों पर यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाएं मिलेंगी। उदयपुरवासियों के लिए राहत की खबर यह है कि गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर सिटी–शालीमार एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 20972 शालीमार–उदयपुर सिटी एक्सप्रेस अब आगामी आदेशों तक मुंगावली स्टेशन पर ठहराव करेंगी। इस निर्णय से न केवल मध्य प्रदेश के मुंगावली क्षेत्र के यात्रियों को फायदा होगा, बल्कि उदयपुर और कोलकाता (शालीमार) के बीच सफर करने वाले यात्रियों को भी बीच के स्टेशनों पर और सुविधाएं मिलेंगी। रेलवे द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिन रेलसेवाओं के प्रयोगिक ठहराव में विस्तार किया गया है, उनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं:गाड़ी संख्या 18573 विशाखपट्टणम–भगत की कोठी एक्सप्रेस – अब अशोक नगर स्टेशन पर ठहराव।

गाड़ी संख्या 18574 भगत की कोठी–विशाखपट्टणम एक्सप्रेस – अशोक नगर पर ठहराव।

गाड़ी संख्या 18207 दुर्ग–अजमेर एक्सप्रेस – मुंगावली पर ठहराव।

गाड़ी संख्या 18208 अजमेर–दुर्ग एक्सप्रेस – मुंगावली पर ठहराव।

गाड़ी संख्या 20482 तिरुच्चिराप्पल्ली–भगत की कोठी हमसफर एक्सप्रेस – मुंगावली पर ठहराव।

गाड़ी संख्या 17020 हैदराबाद–हिसार एक्सप्रेस – अब खिरकिया स्टेशन पर ठहरेगी।

गुरु वही जो ज्ञान दे, जीवन गढ़ेः विद्या निकेतन में गुरु पूर्णिमा पर भावभीना सम्मान समारोह



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। विद्या भारती संस्थान, उदयपुर द्वारा संचालित विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, बदनौर हवेली में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को एक भावनाओं से परिपूर्ण गुरु सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा अपने पूर्व एवं वर्तमान आचार्यों को समर्पित किया गया, जिसमें श्रद्धा, कृतज्ञता और स्मृतियों की अनूठी झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के पूर्व ज्येष्ठ आचार्य भोपाल सिंह बाबेल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य धीरज बोडा उपस्थित रहे। मंच संचालन विद्यालय के पूर्व छात्र शुभम ने किया। पूर्व छात्रों – अजय सोनी, उमेश जांगिड़, वैभव चोपड़ा, चंद्रभान सिंह टांक, प्रेम शर्मा, सागर खेतरा, पुनीत साहू, शुभम सोनी, विवेक जैन, कुलश्रेष्ठ सिंह, हर्षित सोनी, चिन्मय परमाई, राजसिंह राव, राजन सोनी, राहुल सेन, मयंक सोनी, विवेक सालवी, कपिल गोयल सहित अनेक विद्यार्थियों ने विद्यालय के पूर्व आचार्यों को उपरना ओढ़ाकर, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर भावभीना सम्मान अर्पित किया।

सम्मानित शिक्षकों में भोपाल सिंह बाबेल, चेन शंकर दशोरा, श्याम सुंदर चौबिसा, कल्याण सिंह राणावत, टिकम चंद्र शर्मा, जेजी थॉमस, युगल किशोर श्रीमाली, भंवरलाल बावल और श्रीमती ललिता राठौड़ सहित वर्तमान प्रधानाचार्या श्रीमती माधवी आमेटा और अध्यापकगण ललित किशोर बारोलिया, नरेश नागदा, आरती जेठी, शीतल रावत, प्रियंका गहलोत, सलोनी प्रजापत, नेहा शर्मा, दिव्या सोलंकी, नेहा राठौड़, संध्या पंवार शामिल रहे। इस अवसर पर पूर्व छात्रों और शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालय काल के संस्मरणों को साझा करते हुए भावविभोर कर देने वाले क्षणों को पुनः जीवंत किया। छात्र-शिक्षक संबंधों में गहराई और आत्मीयता के भाव ने सभी को भावुक कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की संस्था प्रधान श्रीमती माधवी आमेटा ने किया। कार्यक्रम के पश्चात पूर्व छात्रों द्वारा सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने आत्मीय वातावरण में सहभागिता की।

बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के गुरुजन का सम्मान एवं अभिनंदन किया



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़ - गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संकल्प दिव्यांग विशेष विद्यालय के गुरुजन का सम्मान जाजम इंटरनेशनल परिवार द्वारा गुरुवार को अंतराष्ट्रीय बैडमिंटन रैफरी लोकेश सोनी के आतिथ्य में विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने किया। इस अवसर पर सोनी ने कहा कि ये भारत देश की महान परम्परा है कि गुरू का सम्मान कर उनके शिष्य अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं, उन्होंने संस्था के शिक्षकों, संचालकों, बच्चों एवं उनके अभिभावकों द्वारा गुरुवंदन के इस कार्यक्रम के माध्यम से बौद्धिक दिव्यांग बच्चों में संस्कार देने के इस कार्यक्रम को अभूतपूर्व बताया। संस्था के अध्यक्ष राम गोपाल ओझा ने बताया कि बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के साथ जाजम इंटरनेशनल परिवार द्वारा गुरुवंदन अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन करने से बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के शिक्षकों एवं बच्चों में ऊर्जा का संचार करेगा। कार्यक्रम में अतिथियों एवं मनिता तोषनीवाल, कान्हा, पार्वती सोनी ने शिक्षिका ललिता जाट, पूजा शर्मा, योगिता, इशिका के तिलक लगा, उपरना पहना कर एवं श्रीफल भेंट कर अभिनन्दन किया । सभी बच्चों ने शिक्षिकाओ के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

गुरू पुर्णिमा पर हुआ गुरूओं का सम्मान, विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित



24 न्यूज अपडेट

गुरू पुर्णिमा के पावन पर्व पर सेंट एन्थोनी स्कुल मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिडिया प्रभारी विकास साहु ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विलियम डिसुजा के मार्ग दर्षन मे विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं द्वारा ईष वन्दना व नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्र द्वारा नाटक गुरु द्रोणाचार्य और शिष्य एकलव्य के नाटक रूपअंतरण कराया साथ ही विद्यालय के छात्र छात्र द्वारा ईष वन्दना व नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य विलियम डिसुजा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का पर्व खास तौर पर महर्षि वेद व्यास जी के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है जिन्होंने वेदों का संपादन और महाभारत की रचना की थी। इसलिए इस दिन को 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है। आज का दिन गुरु के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर होता है। इसके साथ ही आज के दिन लोग अपने गुरुओं को संदेश भेजते हैं। ऐसे में हम आपके लिए कुछ बेहतरीन संदेश विकल्प लेकर आए हैं जिन्हें आप अपना सकते हैं। इसके साथ ही गुरु का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध व सभी शिक्षकगणों द्वारा छात्र-छात्राओं को बधाई दी गयी।

दिल्ली मौसम खराब होने से अकासा एयर की फ्लाइट जयपुर डायवर्टः पायलट ड्यूटी टाइम खत्म होने पर चला गया; यात्रियों ने एयरलाइंस के खिलाफ खोला मोर्चा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर | दिल्ली में खराब मौसम की वजह से गोवा से दिल्ली जा रही अकासा एयरलाइंस की फ्लाइट को बुधवार रात जयपुर एयरपोर्ट डायवर्ट करना पड़ा। लेकिन इसके बाद विमान को दोबारा दिल्ली भेजने की अनुमति नहीं मिली और पायलट ड्यूटी टाइम खत्म होने के कारण फ्लाइट छोड़कर चला गया। नतीजतन, बड़ी संख्या में यात्री जयपुर एयरपोर्ट पर पूरी रात और अगली सुबह तक परेशान होते रहे। फ्लाइट नंबर QP-1629 को दिल्ली की जगह जयपुर भेजा गया जानकारी के अनुसार, 9 जुलाई की शाम 4:12 बजे गोवा से दिल्ली के लिए अकासा एयरलाइंस की फ्लाइट QP-1629 रवाना हुई थी। लेकिन लगभग 6:30 बजे दिल्ली एयरस्पेस में पहुंचने के बावजूद खराब मौसम के चलते विमान को लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) ने फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट कर दिया।

7:30 बजे फ्लाइट ने जयपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की।

रातभर नहीं मिली टेकऑफ की अनुमति, पायलट चला गया

जयपुर लैंडिंग के बाद पायलट ने दिल्ली के लिए फिर से उड़ान भरने की अनुमति का इंतजार किया, लेकिन देर रात तक टेकऑफ की मंजूरी नहीं मिली। इस बीच पायलट की ड्यूटी अवधि पूरी हो गई, और वह विमान को वहीं छोड़कर चला गया। यात्रियों को फ्लाइट से बाहर निकालकर एयरपोर्ट के अराइवल एरिया में लाया गया। कुछ यात्रियों को सड़क मार्ग से दिल्ली रवाना किया गया, जबकि कई लोग फ्लाइट से ही यात्रा पूरी करना चाहते थे।

सुबह 8 बजे की फ्लाइट भी रवाना नहीं हुई, दोपहर 12 बजे दी गई नई जानकारी

एयरलाइंस की ओर से यात्रियों को गुरुवार सुबह 8 बजे दिल्ली के लिए नई फ्लाइट की जानकारी दी गई। लेकिन जब यात्री सुबह 7 बजे एयरपोर्ट पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि फ्लाइट फिर से डिले (विलंबित) है। अब उन्हें दोपहर 12 बजे के बाद रवाना होने वाली फ्लाइट के बारे में बताया गया है।

90 मिनट तक विमान में कैद रहे यात्री, न खाना मिला न जानकारी

यात्री ने बताया, "अकासा एयरलाइंस की कार्यशैली बेहद खराब है। जयपुर लैंडिंग के बाद हमें लगभग 90 मिनट तक फ्लाइट के अंदर बंद रखा गया। कोई अधिकारी हमसे बात करने तक नहीं आया। खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं थी। आखिरी समय में पायलट भी फ्लाइट छोड़कर चला गया। अब सिर्फ आश्वासन मिल रहे हैं, कोई समाधान नहीं।" उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार को इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कड़े नियम लागू करने चाहिए।

यात्रियों का फूटा गुस्सा, एयरलाइन के खिलाफ जताया विरोध

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कई यात्रियों ने अकासा एयरलाइंस के रवैये पर नाराजगी जाहिर की है। यात्रियों का कहना है कि कंपनी की ओर से न तो पर्याप्त सूचना दी जा रही है, न ही बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाई गईं। कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया और एयरपोर्ट अधिकारियों के माध्यम से कंपनी के खिलाफ विरोध जताया है।

गुरु ज्ञान, संस्कार और चेतना के वाहक हैं

कुलपति प्रो. सारंगदेवोत, राजस्थान विद्यापीठ में गुरु पूर्णिमा पर भव्य 'गुरु सम्मान समारोह', शिक्षकों और कुलपति का हुआ सम्मान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 10 जुलाई। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को जनजातीय क्षेत्र की प्रसिद्ध उच्च शिक्षण संस्था जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय) के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सभागार में भव्य गुरु सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि गुरु मूल्यों व संस्कारों के वाहक होते हैं, इसलिए गुरु पूर्णिमा का दिन उनके प्रति श्रद्धा, नमन और कृतज्ञता प्रकट करने का श्रेष्ठ अवसर है। प्रो. सारंगदेवोत ने अपने संबोधन में कहा, "गुरु न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। भावनात्मक ज्ञान, अनुभव, संस्कार और आत्मिक मार्गदर्शन केवल गुरु से ही प्राप्त होता है। जैसे पूर्णिमा का चंद्रमा पूर्ण प्रकाश देता है, उसी तरह पूर्ण गुरु अपने शिष्यों के अंतःकरण में ज्ञान की किरणें बिखेरते हैं।" उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में गुरु को साक्षात् भगवान के रूप में स्वीकारा गया है और जो भी जीवन में हमें शिक्षा या सद्ज्ञान देता है, वह गुरु ही होता है — चाहे वह किसी भी उम्र या रूप में हो।

भारतीय ज्ञान परंपरा पूरे विश्व में अद्भुतः कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर

समारोह के मुख्य अतिथि एवं कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा संपूर्ण विश्व में अद्वितीय है। उन्होंने कहा, "आज की युवा पीढ़ी मूल्यों और संस्कारों से दूर होती जा रही है, जो एक चिंताजनक स्थिति है। इस युवा पीढ़ी को पुनः सशक्त और संस्कारित करने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। गुरु ही शिष्य को लक्ष्य की ओर प्रेरित करता है और समाज निर्माण की दिशा में तैयार करता है।"

गुरु वंदना से भावविभोर हुआ माहौल, शिक्षकों का सम्मान

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग द्वारा अतिथियों के स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद डॉ. तिलकेश आमेटा और महेन्द्र वर्मा द्वारा प्रस्तुत संगीतमय गुरु वंदना ने समस्त उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश चौबीसा ने किया और अंत में आभार डॉ. रचना राठौड़ ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. भुरालाल शर्मा, डॉ. अमित बाहेती, डॉ. हरीश मेनारिया, डॉ. अमित दवे, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. सुभाष पुरोहित, डॉ. शीतल चुग सहित अनेक शिक्षकगण एवं कार्यकर्ता समारोह में उपस्थित रहे।

दिनभर चलता रहा गुरु सम्मान का क्रम, कुलपति का पूरे सम्मान के साथ अभिनंदन

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कुलपति सचिवालय में भी दिनभर गुरु सम्मान का दौर जारी रहा। विद्यापीठ के सभी संघटक संस्थानों के कार्यकर्ताओं और शहर के गणमान्य नागरिकों ने कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत का उपरणा, माला और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार की प्रमुख उपस्थिति रही, जिनमें शामिल थे

रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली, पीठस्थविर डॉ. कौशल नागदा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. मंजु मांडोत, डॉ. विजय दलाल, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. ललित श्रीमाली, डॉ. कुल शेखर व्यास, डॉ. धर्मेन्द्र राजौरा, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. नीरू राठौड़, डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. भारत सिंह देवड़ा, डॉ. दिनेश श्रीमाली, डॉ. प्रदीप सिंह शक्तावत, डॉ. दिलीप चौधरी, श्री जितेन्द्र सिंह चौहान सहित कई वरिष्ठ शिक्षाविद्, शोधार्थी व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विद्यालय में वृक्षारोपण



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, सागवाड़ा, (जयदीप जोशी)। नगर के निकटवर्ती गामड़ा ब्राह्मणिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को राजस्थान सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 'हरियालो राजस्थान अभियान' के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में चन्दनसिंह चौहान मुख्य अतिथि, दिपसिंह चौहान अध्यक्षता तथा मोतीलाल कलाल, देवीसिंह चौहान, दशरथसिंह चौहान, नाथूलाल पाटीदार, शांतिलाल पाटीदार एवं शैलेश पाटीदार विशिष्ट अतिथि रहे। संस्थाप्रधान कुंदन पाटीदार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा आवंटित 300 पौधे लगाने का लक्ष्य बताया। अतिथियों के सान्निध्य में 50 पौधे लगाकर उन्हें पानी पिलाया गया तथा हरियालो एप लिंक पर जियो टैग भी किया गया। मुख्य अतिथि चौहान ने कहा कि वृक्ष हमें प्राणवायु (ऑक्सीजन) के साथ फल, छाया, लकड़ी और जीवन उपयोगी औषधियां भी प्रदान करते हैं। संचालन एवं आभार हरिशचंद्र पाटीदार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रकाश सुथार, नरेशकुमार यादव, संध्या उपाध्याय, दिव्या आहाड़ा, धर्मेंद्र जैन, देवीलाल यादव, लोकेश सोमपुरा, निलेश डेंडोर, मगनलाल मीणा, गजवीरसिंह, राही, निशा, वंदना, रानी सहित अनेक विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास से मनाई गुरु पूर्णिमा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, सागवाड़ा, (जयदीप जोशी)। निकटवर्ती गामड़ा ब्राह्मणिया विद्या निकेतन में गुरु पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अतिथि हरीश जोशी तथा अध्यक्षता विशाल जैन ने की। उन्होंने गुरु की महत्ता बताते हुए कहा कि गुरु बिना भवसागर पार नहीं किया जा सकता। छात्र-छात्राओं ने तिलक व श्रीफल अर्पित कर गुरु पूजन किया। भजनों की प्रस्तुति भी दी गई।


चिंता छोड़ो, चिंतन करो - संत तिलकराम



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के लोहारिया तालाब के सामने कान्हड़दास धाम बड़े रामद्वारे में रामस्नेही संत तिलकराम जी महाराज ने सत्संग में कहा कि चिंता शरीर को खा जाती है, छोड़ दो तो चिंतन होगा। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु के बिना ज्ञान और साधना दोनों अधूरी हैं। बलदेव सोमपुरा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर रामचरण महाराज की तस्वीर, समाधियों की पूजा कर दक्षिणा अर्पित की गई। अंत में कीर्ति कुमार सोनी परिवार द्वारा संत प्रसाद वितरित किया गया।

मक्का उत्पादन में वैज्ञानिक नवाचार ही आत्मनिर्भरता की कुंजीः कुलपति डॉ. कर्नाटक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 10 जुलाई। "अब समय आ गया है कि हम पारंपरिक कृषि से आगे बढ़ते हुए विविधिकरण और वैज्ञानिक नवाचार की ओर कदम बढ़ाएं। तिलहन और दलहन उत्पादन में पिछड़ने से हमें तेल के आयात पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे अरबों रुपए विदेशों में जा रहे हैं।" यह विचार महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (मप्रकृप्रौविवि) के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने वल्लभनगर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र (KVK) परिसर में आयोजित किसान सम्मेलन में व्यक्त किए। सम्मेलन का विषय था "वैज्ञानिक तरीके से मक्का उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन", जिसमें उदयपुर सहित राजसमन्द, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ व भीलवाड़ा आदि नौ जिलों के 300 से अधिक प्रगतिशील किसान शामिल हुए। ड. कर्नाटक ने कहा कि मक्का अब केवल परंपरागत फसल नहीं रही, बल्कि वैज्ञानिक प्रयासों से इसका स्वरूप ही बदल गया है। कोलंबस द्वारा लाया गया यह अनाज पहले चारे के रूप में इस्तेमाल होता था, लेकिन आज यह पॉपकॉर्न, बेबी कॉर्न, स्वीट कॉर्न के रूप में सिनेमा घरों और फाइव-स्टार होटलों तक पहुंच चुका है। मक्का से तेल, स्टार्च व इथेनॉल का निर्माण भी हो रहा है, जिसे ग्रीन फ्यूल के रूप में पेट्रोल में मिलाया जा रहा है। भारत मक्का उत्पादन में किसी से कम नहींः डॉ. सांई दास "मेज मैन ऑफ इंडिया" के नाम से मशहूर मक्का बीज प्रजनक डॉ. सांई दास ने कहा कि भारत किसी भी दृष्टि से अमेरिका और चीन से पीछे नहीं है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण चुनौतियाँ हैं। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि मक्का उत्पादन के लिए समय पर सिंचाई, पौध विकास के विशेष चरणों पर उर्वरक का उपयोग और खरपतवार नियंत्रण अत्यंत आवश्यक हैं। फॉल आर्मी वर्म से सतर्क रहें किसानः डॉ. महला कीट विज्ञानी डॉ. मनोज महला ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में फॉल आर्मी वर्म (FAW) नामक कीट ने मक्का को व्यापक नुकसान पहुंचाया है। यह कीट कोमल पत्तियों को नष्ट कर देता है। उन्होंने फेरोमोन ट्रैप और बीजोपचार के माध्यम से इस पर नियंत्रण के उपाय सुझाए। आईएसओ प्रमाण-पत्र से नवाजे गए कृषि वैज्ञानिक सम्मेलन के दौरान कुलपति डॉ. कर्नाटक ने केवीके बांसवाड़ा के डॉ. बी.एस. भाटी, डॉ. आर.एल. सोलंकी (चित्तौड़गढ़), डॉ. सी.एम. बलाई (डूंगरपुर), डॉ. योगेश कनोजिया (प्रतापगढ़), डॉ. पी.सी. रेगर (राजसमन्द), डॉ. मनीराम (वल्लभनगर) और प्रो. लतिका व्यास (प्रसार शिक्षा निदेशालय) को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रदत्त आईएसओ प्रमाण-पत्र देकर व मेवाड़ी पाग पहनाकर सम्मानित किया।

रेल मदद एप पर उत्तर पश्चिम रेलवे कर रहा औसतन 25 मिनट में शिकायतों का समाधान



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 10 जुलाई। यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा देने के साथ रेलवे अब यात्रा के दौरान आने वाली समस्याओं और शिकायतों का भी तेजी से निस्तारण कर रहा है। इस दिशा में भारतीय रेलवे द्वारा संचालित 'रेल मदद' (MADAD - Mobile Application for Desired Assistance During Travel) पोर्टल और एप पर 24x7 यात्री शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। 1 जुलाई 2025 से रेलवे का नया 'रेल वन' ऐप भी यात्रियों के लिए उपलब्ध है, जो एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन की तरह टिकट बुकिंग, ट्रेन व पीएनआर पूछताछ, प्लेटफॉर्म टिकट, यात्रा योजना, ऑन-बोर्ड भोजन बुकिंग, मालवहन पूछताछ और रेल मदद सेवाओं जैसी सभी सुविधाएं प्रदान करता है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण ने बताया कि रेल मदद एप और पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा औसतन 25 मिनट में निस्तारण किया जा रहा है। इस उपलब्धि के साथ उत्तर पश्चिम रेलवे भारतीय रेलवे में द्वितीय स्थान पर है।

2025 में अब तक 29,371 शिकायतें निपटीं

उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ के मार्गदर्शन में 1 अप्रैल से 30 जून 2025 के दौरान प्राप्त 29,371 शिकायतों का औसत 25 मिनट में समाधान किया गया। यात्रियों द्वारा इस व्यवस्था को खूब सराहा गया और 84.20 प्रतिशत फीडबैक 'उत्कृष्ट/संतोषजनक' श्रेणी में दर्ज हुआ। गत वर्ष 2024-25 में भी 1,02,011 शिकायतों का औसतन 26 मिनट में समाधान कर उत्तर पश्चिम रेलवे ने द्वितीय स्थान बरकरार रखा था। रेल मदद व सोशल मीडिया के जरिए मिल रही त्वरित सुविधा रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर 139, X (ट्विटर), फेसबुक और रेल वन ऐप को भी रेल मदद पोर्टल से जोड़ा है। यात्री मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर के माध्यम से शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। प्रत्येक शिकायत के लिए समय सीमा निर्धारित है, और समय पर समाधान नहीं होने की स्थिति में शिकायत उच्च अधिकारियों तक स्वतः अग्रेषित हो जाती है। शिकायतकर्ता से फोन पर संपर्क कर उसकी समस्या की जानकारी लेकर समाधान किया जाता है और समाधान की सूचना व फीडबैक भी लिया जाता है। वार रूम से 24 घंटे मॉनिटरिंग महाप्रबंधक के निर्देश पर उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों और मुख्यालय में वार रूम स्थापित किए गए हैं, जहां से रेल मदद पर प्राप्त शिकायतों की 24 घंटे मॉनिटरिंग की जाती है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि कोई भी मिलते-जुलते नाम वाले एप से भ्रमित न हों और रेलवे स्टेशन के डिस्प्ले बोर्ड या अधिकृत रेल कर्मियों से ही जानकारी लें। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यात्रियों की सेवा के लिए भारतीय रेलवे हमेशा कटिबद्ध है और यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

मोक्ष प्राप्ति का द्वार दिखाने वाला है गुरु - संत उदयराम महाराज



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, सागवाड़ा, (जयदीप जोशी)। नगर के आसपुर मार्ग योगिंद गिरी तलहटी स्थित श्री प्रभुदास धाम रामद्वारा सत्संग भवन में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। संत उदयराम महाराज के सान्निध्य में भक्तों ने पाद प्रक्षालन, माल्यार्पण व पूजन कर आशीर्वाद लिया। संत उदयराम ने कहा कि गुरु ही मोक्ष प्राप्ति का द्वार दिखाता है, वेतरनी पार कराने वाला है। उन्होंने कहा कि बिना गुरु के प्रभु भक्ति संभव नहीं। भक्तों ने साबला, गलियाकोट, देवास, बांसवाड़ा, डूंगरपुर आदि क्षेत्रों से पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया। भजन प्रस्तुति संस्कार भारती टीम ने दी। अंत में गोपाल भावसार परिवार ने महाप्रसादी आरती के साथ आयोजन पूर्ण किया।



गुरु वही जो ईश्वर से मिलाए: राष्ट्रसंत आचार्य पुलक सागर ने दिया मातृवत गुरु की महिमा का संदेश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 10 जुलाई। सर्वऋतु विलास स्थित महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास को विराजित राष्ट्रसंत पुलक सागर महाराज का चातुर्मास धूमधाम से सम्पादित हो रहा है। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष विनोद फान्दोत ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी शहर जिला उदयपुर के पदाधिकारियों द्वारा आचार्यश्री के दर्शन कर उनको श्रीफल भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। फान्दोत ने बताया कि सर्वप्रथम भाजपा शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने आचार्य श्री के चरणों में अभिवादन चरण वंदन कर राजनीतिक संगठन की ओर से गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर्व को संपूर्ण प्रदेश में मनाने की योजना एवं उसी के माध्यम से साधु संतों के सम्मान का कार्य करने की मुख्यमंत्री की भावना को उन तक पहुंचाई। उन्होंने इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित आचार्यश्री के सम्मान में संदेश को वाचन कर सुनाया। तत्पश्चात गजपाल सिंह राठौड़, शहर विधायक ताराचंद जैन, महामंत्री किरण जैन, अतिरिक्त जिलाधीश दीपेंद्र सिंह, देवस्थान के सहायक आयोग जतिन गांधी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश आचार्यश्री को भेंट किया। तत्पश्चात उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने आचार्यश्री को अभिवादन कर श्रीफल भेंट किया। चातुर्मास समिति के महामंत्री प्रकाश सिंघवी ने बताया कि इस अवसर पर आचार्य पुलक सागर महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हर व्यक्ति की सबसे पहली गुरु उसकी मां होती है तत्पश्चात उनके पिता और उसके बाद उनका आध्यात्मिक और सनातन की शिक्षा देने वाले गुरु होते हैं जो सर्वश्रेष्ठ होते हैं वही गुरु ईश्वर तक पहुंचाने का मार्ग भी बताते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिस प्रकार से गुरु पूर्णिमा के पर्व पर साधु संतों का सम्मान करने का निर्णय लिया है वह सनातन धर्म को आगे बढ़ाने वाला एवं रक्षा करने वाला सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ने साधु संतों और सनातन धर्म के बारे में इतना अच्छा निर्णय लिया है स्वागत योग्य है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री संपूर्ण प्रदेश में जा तो नहीं सकते परंतु जिस प्रकार सूर्य अपनी किरणों को प्रत्येक तालाब तक पहुंचा देता है परंतु स्वयं नहीं जा पाता और उनकी किरणों से सभी तालाबों में हजारों कमल खिलते हैं वैसे तो संपूर्ण देश में कमल ही खिल रहे हैं। इस प्रकार मुख्यमंत्री ने भी अपने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक साधु संतों तक पहुंच कर उनके सम्मान का कार्यक्रम किया। आचार्यश्री ने कहा कि इस प्रकार की सोच कैसा चिंतन सुंदर विचार पहले किसी भी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के मन में नहीं आया उन्होंने गुरु चरणों में जो संदेश भेजा है वह बहुत ही पवित्र भाव से भेजा गया संदेश है और उन्होंने संपूर्ण राजस्थान के लिए आशीर्वाद मांगा है की राजस्थान फूले फले समृद्धिशाली हो तो मैं अकेले ही राजस्थान को नहीं संपूर्ण भारत को आशीर्वाद देता हूं कि यह भूमि फले फूले शस्य श्यामला बनी रहे तेरा वैभव अमर रहे, मां भारती के लिए लोग समर्पित रहे। आचार्य ने कहा कि हमें राजनीति करने का नहीं अभी तो अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब हम रास्ते से गुजरते थे लोग हम पर फिकरे कसते थे अपशब्द कहते थे पर जब से यह सुशासन आया है देश में पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद उनकी सोच के मुताबिक की धर्म से समझौता नहीं होगा और धर्म के लिए सदैव समर्पित रहेंगे तब से स्थितियां बिल्कुल ही बदल गई है। उन्होंने कहा कि जैसे ही प्रदेश में प्रवेश किया हमारे विधायक ताराचंद जैन उनके प्रयासों से उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि यह राष्ट्रीय संत है एवं विहार करते हैं लोग इन्हें सुनने आते हैं तब उनके प्रयास से मुख्यमंत्री ने उन्हें राजकीय अतिथि का सम्मान प्रदान किया। वह तो हमेशा अतिथि ही रहेंगे और अतिथि वह होता है जिसके आने की ना तो कोई तारीख तय होती है ना उसके जाने की तारीख तय होती है उदयपुर में वह चार माह तक चातुर्मास कार्यक्रम में रहेंगे। चातुर्मास समिति के परम संरक्षक राजकुमार फत्तावत ने बताया कि इस अवसर पर उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन , भाजपा उदयपुर शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, वरिष्ठ नेता प्रमोद सामर , राष्ट्रीय पुलक मंच अध्यक्ष विनोद फाँदोत, कार्यक्रम संयोजक वैभव भंडारी , गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम सह संयोजक बलवीर सिंह दिगपाल, गोविंद दीक्षित, पूर्व महापौर रजनी डांगी, डा.किरण जैन, किरण तातेड़, कुन्तीलाल जैन, चंचल कुमार अग्रवाल, जगदीश शर्मा, मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल, शैलेंद्र चौहान,पदम शर्मा, करण सिंह शक्तावत, प्रकाश अग्रवाल, देवीलाल सालवी, दीपक बोलिया, सत्यनारायण मोची, जितेंद्र मारू, मंडल अध्यक्ष अमृत मेनारिया, रुचिका चौधरी, कन्हैया वैष्णव, मुकेश जोशी, राजेश स्वर्णकार सर्वऋतु विलास समिति अध्यक्ष रवीन्द्र सुराणा, शहर मंडल कार्यकर्ता विष्णु प्रजापत, घनश्याम मेनारिया कुंदन चौहान, राकेश जैन, जयंत ओझा, दामोदर खटोड़, राजेश अग्रवाल, ओम पारिख, सुरेंद्र सिंह पंवार, गौरव अग्रवाल, कपिश जैन, अंशुमन डिगवा ,गौरांग शर्मा, पुष्कर मेघवाल, विजयलक्ष्मी कुमावत सुभाषिणी शर्मा, सपना कुर्डिया चन्द्रकला बोल्या, सोनिका जैन, कुसुम पंवार, माधुरी राठौड़, संतोष मेनारिया, दिशा श्री भण्डारी, आई टी मीडिया खुशबू मालवीय आदि उपस्थित थे



12 जुलाई को होगा गुरु गुणगान महोत्सव

चातुर्मास समिति के कार्याध्यक्ष आदिश खोड़निया ने बताया कि आचार्य पुलक सागर महाराज के चातुर्मास के तहत शनिवार 12 जुलाई को दोपहर 2 बजे टॉउन हॉल परिसर में गुरु गुणगान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अवसर पर सभी भक्तजन अपने-अपने तरीके से गुरु भक्ति करेंगे।

13 जुलाई को होगी दिव्य मंगल कलश स्थापना

चातुर्मास समिति के प्रचार-प्रचार संयोजक विप्लव कुमार जैन ने बताया कि रविवार 13 जुलाई को दोपहर 2 बजे टाउन हॉल में चातुर्मास के मंगल कलश की स्थापना होगी। जिसमें उदयपुर, डूंगरपुर, सागवाड़ा, साबला, बांसवाड़ा, धरियावद, भीण्डर, कानोड़, अण्डिदा, सहित कई जगहों से श्रद्धालु पहुंचेंगे। - ज्ञान गंगा महोत्सव 20 जुलाई से 15 अगस्त तक मुख्य संयोजक अशोक शाह एवं गौरवाध्यक्ष शांतिलाल मनोत ने संयुक्त रूप से बताया कि चातुर्मास श्रृंखला में पहला कार्यक्रम ज्ञान गंगा महोत्सव 20 जुलाई से 15 अगस्त तक आयोजित होगा । जिसमें 26 दिनों तक सर्वधर्म के धर्मावलम्बियों के लिए विशेष प्रवचन श्रृंखला आयोजित होगी। ज्ञान गंगा महोत्सव के अंतर्गत 31 जुलाई को मोक्ष सप्तमी, 9 अगस्त को रक्षाबंधन एवं 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर विशेष आयोजन होंगे । ज्ञान गंगा महोत्सव में राष्ट्र संत पुलक सागर महाराज के विशेष प्रवचन होंगे।

आयड़ जैन तीर्थ में गुरु पूर्णिमा पर अष्ट प्रकार की पूजा, साध्वियों के प्रवचनों में बही श्रद्धा की धारा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 10 जुलाई। तपागच्छ की उद्गम स्थली आयड़ जैन मंदिर में चल रहे चातुर्मास के अंतर्गत गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। श्री जैन श्वेतांबर महासभा के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक समारोह में कच्छवागड़ देशोद्धारक अध्यात्म योगी आचार्य श्रीमद विजय कलापूर्ण सूरीश्वर महाराज के शिष्य गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद विजय कल्पतरु सूरीश्वर महाराज की आज्ञावर्तिनी वात्सल वारिधि साध्वी जीतप्रज्ञा श्रीजी महाराज की शिष्या साध्वी जयदर्शिता श्रीजी, जिनरसा श्रीजी, जिनदर्शिता श्रीजी व जिनमुद्रा श्रीजी सहित साध्वी मंडल विराजमान हैं। गुरु पूर्णिमा पर आयोजित विशेष धर्मसभा में साध्वी जयदर्शिता श्रीजी ने "गुरु हमारे मार्गदर्शक" विषय पर प्रवचन देते हुए कहा कि गुरु एक खुशबू है, जिससे सारा जहां महक उठता है। गुरु एक दीपक है, जो हमेशा सही रास्ता दिखाता है। गुरु एक नगमा है, जिसकी गूंज जीवन का एहसास कराती है। गुरु एक छाया है, जो सदा शरण देता है। गुरु एक खुशी है, जो जीवन में आनंद भरता है। गुरु एक मार्ग है, जो सीधे मोक्ष की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि गुरु मंत्र हजारों रोगों की औषधि है। इसका सेवन असाध्य रोगों को भी समाप्त कर देता है। दुर्भाग्य से घिरा हुआ व्यक्ति भी जब गुरु की कृपा प्राप्त करता है, तो उसका भाग्य जाग उठता है। गुरु की सेवा और चरणों में समर्पण से भय मिटता है, और इंसान आत्मबल से भर उठता है। सद्गुरु न केवल दोष दूर करते हैं, बल्कि अपने रंग में रंगकर जीवन को उज्ज्वल बना देते हैं। गुरु ही हमारे जीवन का सर्वस्व हैं। प्रातः 7 बजे आत्मवल्लभ सभागार में आयोजित पूजा-अर्चना कार्यक्रम में अष्ट प्रकार की पूजा, ज्ञान भक्ति, जैन ग्रंथों की पूजा तथा साध्वीवृंद के सान्निध्य में आत्मचिंतन हुआ। गुरु गौतम विषय पर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रावक-श्राविकाओं ने उत्साह से भाग लिया।श्री जैन श्वेतांबर महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि प्रतिदिन 250 से 300 श्रावक-श्राविकाएं चातुर्मासिक प्रवचनों का धर्म लाभ ले रहे हैं।

इस अवसर पर कुलदीप नाहर, भोपाल सिंह नाहर, राजेन्द्र जवेरिया, प्रकाश नागोरी, दिनेश बापना, अभय नलवाया, चतर सिंह पामेच, गोवर्धन सिंह बोल्या, सतीश कच्छारा, दिनेश भण्डारी, रविन्द्र बापना, चिमनलाल गांधी, प्रद्योत महात्मा, रमेश सिरोया, कुलदीप मेहता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नारायण सेवा में हर्षोल्लास से मनाई गुरुपूर्णिमा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 10 जुलाई। नारायण सेवा संस्थान के लियों का गुड़ा स्थित सेवा महातीर्थ में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव गणपति एवं महर्षि वेदव्यास के पूजनोपरान्त संस्थापक कैलाश 'मानव' के पाद प्रक्षालन एवं अभिनंदन के साथ उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर विभिन्न प्रान्तों से आए संस्था सहयोगी शाखाओं के प्रभारी व संस्थान साधक - साधिकाएं बड़ी संख्या में मौजूद थीं। कार्यक्रम का देशभर में 'आस्था' चैनल से सीधा प्रसारण हुआ। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, प्रखर शिष्य एवं ट्रस्टी जगदीश आर्य, देवेंद्र चौबीसा व निदेशक वंदना अग्रवाल ने मानव व सहसंस्थापिक श्रीमती कमला देवी का पगड़ी, शॉल व उपरणा पहनाकर अभिनन्दन किया। प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि हमें गुरुदेव ने शुरू से ही सेवा का पाठ पढ़ाया और बताया कि यही सबसे श्रेष्ठ क्षेत्र है, जिसमें जीवन को सार्थक किया जा सकता है। मनुष्य के जीवन निर्माण में गुरु की न केवल प्रभावी भूमिका होती है, बल्कि उनके मार्गदर्शन से भव की समस्त बाधाएं हट जाती हैं। कैलाश 'मानव' ने अपने गुरु गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा को नमन करते हुए अपने आशीवर्चन में कहा मनुष्य जन्म मिलना कई जन्मों में किए पुण्यों का परिणाम है। अतएवं परहित का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन महिम जैन ने किया।

श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन ने मनाया गुरु पूर्णिमा महापर्व

गुरु की शरण में हमें दिमाग से नहीं दिल से जाना चाहिए : आकाश बागड़ी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 10 जुलाई। श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के तत्वावधान गुरुवार को प्रताप नगर स्थित कार्यालय में संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी की अध्यक्षता में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी गुरुजनों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया गया। बागड़ी ने बताया कि गुरु का अर्थ आत्म तत्व की प्राप्ति है, हमें आत्म तत्व की प्राप्ति में निरंतर रत रहना चाहिए। यह गुरु तत्व जगत का श्रेष्ठ तत्व है। उन्होंने मानव जीवन में गुरु की आवश्यकता को अपरिहार्य बताया और कहा कि गुरु की तुलना किसी से नहीं हो सकती है। विचार रुपी गंगा गुरु लाता है। इस गुरु की शरण में हमें दिमाग से नहीं दिल से जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि सद्गुरु को ढूंढने की दृष्टि हममें होनी चाहिए। जीवन में एक बार सद्गुरु को प्राप्त कर लिया तो कुछ भी अप्राप्त नही रह जाता। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक आकाश बागड़ी, राष्ट्रीय संरक्षक एडवोकेट निर्मल कुमार पंडित व प्रदेशाध्यक्ष दीपक मेनारिया, राष्ट्रीय महासचिव पूरण खटीक, कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता प्रजापत, जिला शहर मंत्री मंजू खींची, जिला महासचिव मीना यादव, चंचल औदिच्य, विद्यार्थी कीर्ति सुथार, सुमित्रा खटीक, दीलखूश, कूमकूम भोई, लक्ष्मी सुथार, भाविका औदिच्य, पूनम डांगी, रूपाली, राधा भोई सहित सदस्य मौजूद रहे।

संस्कृत शिक्षा के शारीरिक शिक्षकों एवं खेल प्रभारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, सागवाड़ा, 10 जुलाई (जयदीप जोशी)। नगर के स्व. भीखा भाई भील राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में संस्कृत शिक्षा विभाग एवं राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, महापुरा जयपुर द्वारा शारीरिक शिक्षकों एवं विद्यालय खेल प्रभारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी नरेंद्र भट्ट मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य विनय ठाकुर ने की। पूर्व जिला नोडल प्रभारी भवानीशंकर ब्राह्मण, मगनलाल यादव, ओमप्रकाश पुरोहित एवं चंद्रकांत जोशी विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि भट्ट ने कहा कि शारीरिक शिक्षकों को खेल भावना, खेल नियम और प्रतियोगिताओं में अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभानी चाहिए। केंद्राध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य राजेशकुमार जैन ने बताया कि यह तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण है, जिसमें डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ व उदयपुर संभाग के 40 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। दक्ष प्रशिक्षक हरिराम निनामा व पवन पंड्या ने प्रशिक्षण सत्र संचालित किया।

सिद्धचक्र विधान संपन्न



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन सोनीयों के मंदिर में आषाढ़ी अष्टान्हिका महापर्व के अवसर पर आयोजित आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान गुरुवार को संपन्न हुआ। समाज के ट्रस्टी अश्विन बोबड़ा ने बताया कि महिला मंडल द्वारा आयोजित विधान के अंतिम दिन प्रातः मूलनायक शांतिनाथ भगवान का अभिषेक और विश्वशांति के लिए शांतिधारा की गई। नवदेवता पूजा के बाद विधान मंडल पर 1024 अष्टद्रव्य और श्रीफल सहित अर्घ चढ़ाए गए। अंत में आरती, शांतिपाठ व विसर्जन विधि के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

पारसमणि के संग से लोहा भी सुवर्ण बन जाता है, वैसे ही सद्गुरु के संग से पापी भी पावन बन जाता है - जैनाचार्य रत्नसेन सूरीश्वर महाराज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 10 जुलाई। मालदास स्ट्रीट स्थित नूतन आराधना भवन में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा महापर्व को जैनाचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरीश्वर महाराज की निश्रा में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीसंघ के तत्वावधान में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रीसंघ के कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया ने जानकारी दी कि गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रातः 7 बजे से संतों के सान्निध्य में आरती, मंगल दीपक प्रज्वलन, सर्व औषधियों से महाअभिषेक एवं अष्टप्रकारीय पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर जैनाचार्य श्री रत्नसेन सूरीश्वर महाराज ने प्रवचन में कहा: पारसमणि के संग से लोहा भी सुवर्ण बन जाता है, वैसे ही सद्गुरु के संग से पापी व्यक्ति भी पावन बन जाता है। सद्गुरु के माध्यम से ही हमें परमात्मा और धर्म का बोध होता है। उन्होंने कहा कि यद्यपि वर्ष भर में तीन चातुर्मास होते हैं, परंतु आषाढ़-चातुर्मास का विशेष महत्व है, क्योंकि इस अवधि में सद्गुरु से ज्ञान और धर्म-संस्कार का सर्वोत्तम संयोग प्राप्त होता है। जैनाचार्य ने कहा कि जैसे जल से शरीर की प्यास बुझती है और शीतलता मिलती है, वैसे ही जिनवाणी से आत्मा की अग्नि शांत होती है और कर्मों की मलिनता दूर होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मानव जीवन क्षणभंगुर है, इसलिए केवल सांसारिक दौड़ में ही नहीं, बल्कि धर्म और साधना के अवसरों का पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। जैसे छाछ की थोड़ी-सी बूंद भी दूध को दही बना देती है, जो आगे चलकर मक्खन और घी में परिवर्तित होता है, उसी तरह चातुर्मास आत्मिक रूपांतरण का अमूल्य अवसर है। इस अवसर पर श्रीसंघ के प्रमुख पदाधिकारी — कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया, अध्यक्ष शैलेन्द्र हिरण, नरेंद्र सिंघवी, हेमंत सिंघवी, गौतम मुर्डिया, जसवंत सिंह सुराणा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।